(27)

- विश्लेषणात्मक, विवरणात्मक एवं आलोचनात्मक वैचारिकी निर्मित होगी|
- भाषा के विविध अंगों एवं अनुषंगों की जानकारी प्राप्त होगी|
- अंतर-अनुशासनिक विषयों की पारस्परिक समझ बन पाएगी|
- भाषा एवं हिंदी साहित्य के अत्याधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी उपकरणों से जुड़ पाएंगे|
- सम्प्रेषण कौशल में दक्षता विकसित होगी|

4. **कार्यक्रम-प्रतिफल (Programme Outcomes)**

स्नातकोत्तर हिंदी कार्यक्रम:-

विद्यार्थियों में:-

1. भाषा एवं साहित्य की समग्र समझ, स्वाध्याय की योग्यता, विषय के प्रति जागरूकता और विषय के विभिन्न पक्षों की अनुसंधानात्मक समझ बन पाती है।
2. भाषा के विविध अंगों की सैद्धांतिक एवं अनुप्रायोगिक प्रक्रियाओं से अवगत हो पाते हैं।
3. साहित्य की विविध विधाओं की वैचारिकी की समझ एवं आलोचनात्मक विवेक विकसित हो पाता है।
4. साहित्य के अध्ययन से जीवन की चुनौतियों का सामना करने की क्षमता का विकास हो पाता है।
5. साहित्य-अध्ययन से समाज एवं संस्कृति की विसंगतियों की पड़ताल कर पाते हैं।
6. प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति सजग हो पाते हैं और पारिस्थितिकी तंत्र के प्रति एक नवीन सौंदर्यबोध पैदा हो पाता है।
7. साहित्य के अध्ययन से संवेदनाओं एवं मानवीय मूल्यों का विकास हो पाता है।
8. साहित्य के अध्ययन से इतिहास, परंपरा एवं दर्शन की गहन समझ विकसित हो पाती है।
9. स्थानीय और वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भाषा एवं साहित्य को समझ पाते हैं।
10. भाषिक कौशलों में दक्ष बन पाते हैं तथा अंतर-अनुशासनिक विषयों का बोध हो पाता है|

5. Programme structure

हिंदी का स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम

(Programme: M.A. in Hindi)

कुल क्रेडिट(Total Credit) : 80

Course	*Credit*
Core	**52**
Departmental Elective	**22**
Open Elective	**06**

समयावधि- 02 वर्ष (04 सेमेस्टर)

अधिकतम समयावधि- 04 वर्ष (08 सेमेस्टर)

Course category	NO of courses	Credit per course	Total Credits
Foundation course (core course)	13	04	52

Controller of Examinations
Tezpur University
Tezpur, Assam